भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-154**

उत्तर देने की तारीख-25/11/2024

**डमी स्कूल**

†154. **श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

**प्रो. सौगत रायः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि बड़ी संख्या में स्कूल डमी प्रवेश की प्रथा में शामिल हैं और ये सीबीएसई के लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो देश में चल रहे डमी स्कूलों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोचिंग संस्थान और डमी स्कूल एक-दूसरे के साथ मिली-भगत कर रहे हैं और बोर्ड के उपनियमों का उल्लंघन कर रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो समस्या के समाधान के लिए सरकार की क्या कार्य-योजना है;

(ङ) क्या सीबीएसई द्वारा ऐसे स्कूलों पर कोई निरीक्षण/ छापेमारी की गई है और यदि हां, तो सीबीएसई द्वारा इन स्कूलों में पाई गई अनियमितताओं और उनके खिलाफ की-गई- कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(च) कक्षाओं में न्यूनतम अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(छ) क्या सरकार ने पाया है कि बड़ी संख्या में स्कूलों में कक्षाएं लेने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा/जनशक्ति नहीं है और यदि हां, तो ऐसे स्कूलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ज) क्या सरकार के पास देश भर के सभी सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की सीधी नियुक्ति का कोई प्रस्ताव है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ङ): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछेक स्कूल, बोर्ड के परीक्षा और संबद्धता उपनियमों का पालन नहीं कर रहे थे और ऐसे छात्रों को (बोर्ड परीक्षा के लिए) प्रायोजित कर रहे थे जो स्कूल में नियमित कक्षाओं में भाग नहीं ले

रहे थे। बोर्ड के संबद्धता उपनियमों के खंड 14.2.4 में प्रावधान है कि "कोई भी संबद्ध विद्यालय उन उम्मीदवारों को बोर्ड परीक्षा में उपस्थित नहीं करेगा, जो इसकी नामावली में तो हैं, परंतु जो नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं अथवा बोर्ड की परीक्षा में उपस्थित होने के लिए न्यूनतम उपस्थिति की अपेक्षा को पूरा नहीं करते हैं"। इसलिए, सीबीएसई द्वारा विभिन्न स्कूलों के कक्षा IX, X, XI और XII के छात्रों के पंजीकरण/उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) संबंधी डेटा का विश्लेषण किया गया था और कुछेक स्कूलों के डेटा में असामान्यताएं पाई गई थीं। इस प्रकार, दिनांक 03.09.2024 को सीबीएसई द्वारा 27 सीबीएसई संबद्ध स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण समिति द्वारा सूचित किए गए अनुसार, ये स्कूल डमी/गैर-उपस्थित छात्रों को प्रायोजित करने की प्रथा में शामिल थे।

इन स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा उनके उत्तरों पर विचार करने के पश्चात, बोर्ड द्वारा इन सभी स्कूलों के विरुद्ध बोर्ड के संबद्धता उप-नियमों के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई, जिसमें 21 स्कूलों की संबद्धता समाप्त करना (अनुलग्नक-क) तथा 6 स्कूलों का अवनयन (अनुलग्नक-ख) शामिल है।

(च): सीबीएसई ने अपने संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में विभिन्न नियम/दिशानिर्देश शामिल किए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र अपने स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित हों। बोर्ड के परीक्षा उपनियमों के खंड 6.5, खंड 13.1(i) और खंड 13.2(i) में अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित किया गया है कि छात्र, बोर्ड परीक्षा हेतु अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए अपने स्कूलों में नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहें।

(छ): बोर्ड ने संबद्धता उपनियमों में अपने स्कूलों के लिए न्यूनतम अवसंरचना/मानवशक्ति और अन्य अपेक्षित आवश्यकताओं से संबंधित मानदंड निर्दिष्ट किए हैं, जिनका पालन करना सभी सीबीएसई संबद्ध स्कूलों के लिए अनिवार्य है।

(ज): सीबीएसई संबद्धता उपनियमों में अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित किया गया है कि इसके संबद्ध स्कूल कर्मचारियों (शिक्षण और गैर-शिक्षण) की भर्ती के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली तैयार करेंगे और उसका पालन करेंगे।

*****

**अनुलग्नक 'क'**

**माननीय संसद सदस्य श्री बालाशौरी वल्लभनेनी और प्रो. सौगत राय द्वारा 'डमी स्कूल' के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 154 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**असंबद्ध स्कूलों की सूची**

| क्र.सं. | संबद्धता सं. | स्कूल का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| 1. | 2730840 | खेमो देवी पब्लिक स्कूल | खसरा नं. 33/4, गली नं. सफियाबाद रोड, भारत गैस एजेंसी के पास गांव, नरेला, दिल्ली-110040 |
| 2. | 2730752 | विवेकानन्द स्कूल | शिव मंदिर कॉलोनी नरेला दिल्ली-110040 |
| 3. | 2730631 | संत ज्ञानेश्वर मॉडल स्कूल | लख्मी एन्क्लेव, विस्तारित लाल डोरा, अलीपुर, दिल्ली - 110036 |
| 4. | 2730551 | पी डी मॉडल माध्यमिक स्कूल | 88, पश्चिमी फ्रेंड्स एन्क्लेव सेक्टर-6, सुल्तानपुरी रोड, 110041 |
| 5. | 2730705 | सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल | तातेसर एक्सटेंशन, कंझावल, उत्तर पश्चिम दिल्ली - 110081 |
| 6. | 2730792 | राहुल पब्लिक स्कूल | डी-16, राजीव नगर एक्सटेंशन, दिल्ली - 110086 |
| 7. | 1730430 | प्रिंस उच्च माध्यमिक विद्यालय | पालवास रोड, सीकर, राजस्थान 332001 |
| 8. | 2730694 | भारती विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल | ए-26, रणजीत विहार, चंदर विहार, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110041 |
| 9. | 2730719 | यू.एस.एम. पब्लिक माध्यमिक विद्यालय | वीणा एक्लेव नांगलोई दिल्ली - 110041 |
| 10. | 2730728 | आर.डी. इंटरनेशनल स्कूल | 297, नंगली विहार एक्सटेंशन, बापरोला, नई दिल्ली - 110043 |
| 11. | 2730638 | हीरा लाल पब्लिक स्कूल | भाग्य विहार, जैन कॉलोनी, मदनपुर डबास, उत्तर पश्चिम दिल्ली, 110081 |
| 12. | 2730851 | बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल | मेन कुतुबगढ़ रोड, मुंगेशपुर, दिल्ली - 110039 |
| 13. | 1730790 | लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल | आईपीडी-08 इंस्टीट्यूशनल एरिया, रीको रणपुर कोटा, राजस्थान 325003 |
| 14. | 2730723 | एस.जी.एन. पब्लिक स्कूल | एच - 243, कुँवर सिंह नगर, नांगलोई, दिल्ली - 110041 |
| 15. | 2730503 | एम डी मेमोरियल पब्लिक स्कूल | फ्रेंड्स एन्क्लेव सुल्तानपुरी इंद्राजकील नांगलोई दिल्ली |
| 16. | 1730726 | एलबीएस कॉन्वेंट स्कूल | आईपीडी-2 रीको इंस्टीट्यूशनल एरिया रणपुर कोटा, राजस्थान 325003 |
| 17. | 2730767 | हंसराज मॉडल स्कूल | बी-220, रमेश एन्क्लेव के सामने, आर.के. प्लाजा, रोहिणी सेक्टर-21, दिल्ली, 110086 |
| 18. | 1730536 | शिव ज्योति कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक स्कूल | रथकांकरा, कोटा, राजस्थान, 324010 |
| 19. | 1730262 | विद्या भारती पब्लिक स्कूल | टोडी नगर, सीकर राजस्थान, 332001 |
| 20. | 2730619 | के.आर.डी. इंटरनेशनल स्कूल | ग्राम एवं डाकघर इस्सा पुर, मेन ढांसा रोड, नई दिल्ली-110073 |
| 21. | 2730681 | एम.आर. भारती मॉडल उच्च माध्यमिक स्कूल | के-53/15, फ्रेंड्स कॉलोनी, मुंडका, 110041 |

**अनुलग्नक 'ख'**

**माननीय संसद सदस्य श्री बालाशौरी वल्लभनेनी और प्रो. सौगत राय द्वारा 'डमी स्कूल' के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 154 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**अवनयन किए गए स्कूलों की सूची**

| क्र.सं. | संबद्धता संख्या | स्कूल का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2730229 | आदर्श जैन धार्मिक शिक्षा सदन | थाना रोड नजफगढ़ नई दिल्ली, 110043 |
| 2 | 2730772 | बी.एस. इंटरनेशनल स्कूल | प्लॉट नंबर 26, दलीप विहार, निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली - 110041 |
| 3 | 2730293 | भारत माता सरस्वती बाल मंदिर | बवाना रोड नरेला दिल्ली, 110040 |
| 4 | 2730493 | चौधरी बलदेव सिंह मॉडल स्कूल | बलदेव पार्क मेन मुकानकीपुर रोड किराडी एक्सटेंशन, जिला उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली, 110041 |
| 5 | 2730695 | ध्रुव पब्लिक स्कूल | जी - 11, जय विहार, नई दिल्ली - 110043 |
| 6 | 2730406 | नवीन पब्लिक स्कूल | ग्राम निठारी नांगलोई दिल्ली-110041 |

*****